हार से निकलता है जीतने का रास्ता : स्वप्निल वानखेड़े

नवभारत न्यूज

दतिया, 28 मई। खिलाड़ी कभी हारता है तो कभी जीतता है इस हार और जीत के बीच में वह हार को पचाना सीख जाता है और यही से उसकी जीत का रास्ता निकलता है। उक्त बात खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा स्टेडियम ग्राउण्ड दतिया पर आयोजित ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह में खिलाड़ियों के बीच उपस्थित कलेक्टर स्वपिनल वानखेड़े नें कही।

उन्होने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि शिक्षा के साथ - साथ खेल भी हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग है अगर आप सिर्फ शिक्षा प्राप्त करने के लिये मेहनत करेंगे तो आपका शैक्षणिक स्तर सुधरेगा लेकिन शारीरिक स्तर गिरेगा और अगर आप शारीरिक स्तर पर फोकस करेंगे तो आपका शारीरिक स्तर बड़ेगा लेकिन शैक्षणिक स्तर नीचे रहेगा इसलिये हमें अपने सफल जीवन के लिये शैक्षणिक एवं शारीरिक स्तर को साथ में रखकर चलना चाहिये। अपने लिये नित्य प्रति एक घंटे का समय फिजीकल एक्टविटी अथवा खेलनें के लिये जरूर निकाले उन्होने खिलाड़ियों को " फिटनेस का डोज एक घंटा रोज " फिट इंडिया मूवमेंट का कोटेशन भी दिया। इस अवसर पर सूरज मुदगल एस.पी.स्टेनो, मलखम्ब प्रशिक्षक राजेन्द्र तिवारी, प्रयास मित्रा बैडमिंटन प्रशिक्षक, पवन गुप्ता खिलाड़ी, आदित्य कटारे वरिष्ट बैडमिंटन खिलाड़ी सहित बैडमिंटन एवं मलखम्ब खेल के खिलाड़ी उपस्थित रहे।

अवैध रेत परिवहन पर बड़ी कार्रवाई तीन ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

दतिया 28 मई। सिंध नदी से अवैध रेत परिवहन करने वाले रेत माफियाओं के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। अभियान के दौरान तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को ओवरलोड रेत, बिना नंबर प्लेट एवं नियमों के उल्लंघन के चलते जब्त किया गया। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध रेत कारोबारियों में हड़कंप मच गया और कई घाटों से अवैध रेत परिवहन बंद रहा। संयुक्त अभियान का नेतृत्व एसडीएम अशोक अवस्थी एवं एसडीओपी अजय चानना ने किया। टीम में थाना प्रभारी इंदरगढ़ गौरव शर्मा, थाना प्रभारी अतरेटा नरेंद्र राजपूत, माइनिंग इंस्पेक्टर संजय धाकड़ सहित अधीनस्थ पुलिस बल और खनिज विभाग का अमला मौजूद रहा। कार्रवाई में सोनालिका ट्रैक्टर स्वामी कल्याण सिंह यादव निवासी धौर्री, स्वराज ट्रैक्टर, स्वामी मोजाम्मल हुसैन निवासी कुच बिहार (प. बंगाल) तथा बिना नंबर प्लेट का न्यू सोलिस ट्रैक्टर शामिल है, जिसे चालक पुष्पेंद्र जाटव निवासी टोड़ा पहाड़ चला रहा था। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अवैध रेत उत्खनन और ओवरलोड परिवहन के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। अब देखना है कि अवैध रेत उत्खनन तदा परिवहन के खिलाफ सतत कार्यवाही होगी या फिर वही चार दिन की चाँदनी फिर अंधेरी रात वाली कहावत चरितार्थ होगी।

प्रवेश द्वार से ग्राम की ओर 500 मीटर सीसी रोड बनेगी : विधायक

नवभारत न्यूज

दतिया, 28 मई। ग्राम पंचायत खडौआ तहसील इंदरगढ के ग्राम खडौआ में तीन लाख बाईस हजार की लागत से बने नवीन प्रवेश द्वार का सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने फीता काटकर उदघाटन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां कुजावती मैरिज गार्डन के हॉल में स्वागत कार्यक्रम से की गई, ग्राम के सरपंच जसवंत बघेल एवं सचिव शैलेन्द्र बघेल के द्वारा मुख्य अतिथि प्रदीप अग्रवाल एवं उपस्थित समस्त अतिथियों का माल्यार्पण एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर स्वागत किया गया।



स्वागत उपरांत प्रवेश द्वार पर पहुँच कर उद्घाटन किया गया। ग्राम वासियों के द्वारा विधायक श्री अग्रवाल से प्रवेश द्वार से ग्राम के लिये जाने वाले कच्चे मार्ग पर सी सी रोड बनवाये जाने की मांग की गई, जिसके संबंध में विधायक ने प्रवेश द्वार से ग्राम की ओर 500 मीटर सी सी रोड बनवाये जाने की घोषणा की। इस अवसर पर ग्राम के उप सरपंच मोनू यादव के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

फार्मेसी प्रोफेशन में ईमानदारी और सेवा को प्राथमिकता दें : प्राचार्य

नवभारत न्यूज

दतिया, 28 मई। श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसीए दतिया में बीण् फार्माण् फाइनल ईयर के छात्र.छात्राओं के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के चेयरमैन रमेश अग्रवाल मैनेजिंग ट्रस्टी शांतनु अग्रवाल एवं ट्रस्टी श्रीमती शैली अग्रवाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया इस अवसर पर तृतीय एवं अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी एवं

चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए।

प्राचार्य डॉ. गौरव मित्तल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी कॉलेज के ब्रांड एंबेसडर हैं। फार्मेसी विभाग के विभाग अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि फार्मेसी प्रोफेशन में ईमानदारी और सेवा को प्राथमिकता दे संस्था के मैनेजिंग ट्रस्टी श्री शांतनु अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं जूनियर छात्रों ने सीनियर्स को स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन तृतीय वर्ष की छात्रा गौरी शर्मा एवं देवांशी दीक्षित द्वारा किया गया इस अवसर पर डीन अतुल सक्सेना रजिस्ट्रार डॉ.अरुण कौशिक एवं समस्त फार्मेसी स्टाफ डॉ.नवीन दीक्षित, सुनील कुमार, अभिनव तिवारी, नरेंद्र सिंह, प्रदीप राजपूत, अमित राजपूत, पूजा गौरव, नीशू गुप्ता, ट्विंकी यादव, एवं अनुज सक्सेना आदि उपस्थित रहे। फेयरवेल पार्टी में अंतिम वर्ष के छात्र विपिन गुप्ता मिस्टर फेयरवेल एवं छात्रा सलोनी प्रजापति मिस फेयरवेल रही।

पुलिस ने अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का किया पर्दाफाश

नवभारत न्यूज

दतिया, 28 मई। अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना उनाव पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। 28 मई को थाना प्रभारी उनाव उनि. यतेन्द्र

आरोपी गिरफ्तार

भदौरिया, द्वारा आर्म्स एक्ट के फरार आरोपी अब्दुल रशीद (मंसूरी) उर्फ पप्पू वेल्डर, पिता मौलाबक्स मंसूरी, उम्र 55 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 12, भाण्डेर, जिला दतिया को मुखबिर सूचना पर गिरफ्तार किया गया।

आरोपी के कब्जे से अवैध हथियार निर्माण में प्रयुक्त सामग्री एवं उपकरण बरामद किए गए, जिनमें 1 अधिया 315 बोर की 3 कट्टे 315 बोर के 2 अधबने कट्टे 315 बोर के ' लोहे की नाल जैसी 10 वस्तुएँ ' 1 फनर, 1 रेती ' 05 कोले, 02 स्प्रिंग ' 03 लोहे की रॉड ' 01 छैनी, 02 हैमर ' 02 लोहे की चादर ' 01 काला टेप ' 01 वेल्डिंग मशीन ' 01 होल करने वाली मशीन जप्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में पूर्व में गिरफ्तार आरोपी नवलकिशोर झा के कब्जे से तीन कट्टे 315 बोर, एक पिस्टल 32 बोर एवं तीन जिंदा कारतूस भी जप्त किए जा चुके हैं। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक मयूर खण्डेलवाल ने पत्रकारवार्ता के दौरान दी।

25 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

दतिया, 28 मई। पतंजलि योगपीठ द्वारा दतिया के बम बम महादेव के पास पार्क में 25 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश पश्चिम भारत स्वाभिमान राज्य प्रभारी भाई राजेंद्र आर्य व पतंजलि योग समिति सह राज्य प्रभारी जयदयाल शर्मा, पतंजलि योग समिति के संरक्षक घनश्याम बरसैंया के द्वारा दीप प्रज्वलन कर सत्र का शुभारंभ हुआ।

भोपाल से पधारे राज्य प्रभारी राजेंद्र आर्य द्वारा अनुलोम विलोम प्राणायाम के महत्व पर प्रकाश डाला गया एवं जो यह 25 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण लेकर फिर स्वामी रामदेव के यहां पांच दिवसीय प्रशिक्षण लेकर मुख्य योग शिक्षक बन सकेंगे जो की सभी शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में आयुष विभाग में यह सर्टिफिकेट के द्वारा अपने स्वरोजगार के अवसर प्राप्त कर सकेंगे। इस पर विशेष प्रकाश डाला गया एवं युवा भाई बहनों से प्रतिदिन योग शिविर में आने की अपील की। भाई जयदयाल शर्मा के द्वारा नौली क्रिया, बकासन, वृश्चिक आसन आदि कठिन आसनों का प्रदर्शन किया गया। अंत में राहुल यादव का मुख्य योग शिक्षक सर्टिफिकेट राज्य प्रभारी के द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर सैकड़ो भाई बहनों ने योगाभ्यास किया। अंत में पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी घनश्याम सोनी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

एक नजर में

आगजनी पीड़ित परिवार की महिलाओं को बांटी साड़ियां

दतिया, 28 मई। दतिया शहर के मामा का नाला के पास स्थित गरीब बस्ती में आगजनी से पीड़ित परिवारों के बीच पहुंच कर पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी तथा पीड़ित परिवारों की महिलाओं को साड़ियां वितरित की। इस अवसर पर श्री सिंह की पुत्री बेटी राजा माण्डवी कुमारी प्रदेश उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस, सेवादल जिलाध्यक्ष मोहन सिंह कुशवाहा, छात्र नेता शिशुपाल सिंह बघेल आदि उपस्थित रहे। मालूम हो कि बीते दिनों पतारा के जंगल में आग भड़कने से मामा के नाला के पास गरीबों की बस्ती में बने करीब 15 कच्चे मकान चपेट में आ गए थे, जिससे घरों में रखा अनाज व गृहस्थी का सामान जल गया था, घटना की खबर मिलने पर पूर्व विधायक घनश्याम सिंह पीड़ितों के बीच पहुंचे थे, बुधवार को वह पुन: बस्ती में पीड़ित परिवारों का हाल जानने पहुंचे।

गांजा की तस्करी करने का आरोपी गिरफ्तार

दतिया। एसडीओपी दतिया श्रीमती आकांक्षा जैन के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर से सिविल लाईन टीआई वैभव गुप्ता ने सेंवढ़ा बायपास रोड पर झिर का बाग के पास दतिया से आरोपी रतिराम कुशवाह पुत्र दयाराम कुशवाह उम्र 46 साल नि. बड़ोनी दतिया के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा का कुल बजन 01 किलो 298 ग्राम होना पाया को अवैध रुप से रखे पाये जाने पर से जप्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 8˛20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध कायम कर आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

धर्मेन्द्र बने बीआरसी दतिया

दतिया। विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र दतिया की नवीन पद स्थापना जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र रतलाम होने से संबंधित को कार्य मुक्त पश्चात कार्य की सुविधा की दृष्टि धर्मेन्द्र कुमार मांझी को बी.आर.सी दतिया का प्रभार सौंपा। श्री माझी के बी.आर.सी बनने पर कार्यालय में उनका स्वागत किया गया। इस दौरान बी.ए.सी प्रशांत मिश्रा, श्रीमती कल्पना तिवारी, साधना श्रीवास्तव, दीपक दांगी, रेखा पाल, मनोज दुवे, बुद्ध सिंह दांगी, रमाशंकर योगी सहित अन्य शिक्षको ने उनका फूल माला से स्वागत किया।

नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर बना जनसेवा का माध्यम

सेंवढ़ा, 28 मई। नगर में जनसेवा और जनस्वास्थ्य की भावना के साथ चल रहे च्कैंप-ए-थॉनज्ज स्वास्थ्य अभियान के तहत गहोई धर्मशाला में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर देर शाम तक जारी रहा। गहोई समाज के पदाधिकारियों के सहयोग से आयोजित इस शिविर में लगभग 100 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श और दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। शिविर में विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों की जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की गई। शिविर का आयोजन चिकित्सक डॉ. आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में किया गया।

5 वर्ष से अधिक के बच्चे को अन्य बाल गृह में स्थानांतरण करें : शर्मा

नवभारत न्यूज

दतिया, 28 मई। संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास ग्वालियर द्वारा बुधवार को दतिया जिले की परियोजना दतिया-2 के सेक्टर सिनावल के आंगनवाड़ी केन्द्र बाझनी,, पलोथर एवं दतिया वार्ड क्र-34-2, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आं.बा.सहायिका उपस्थित पायी गई, केन्द्र पर बच्चे उपस्थित मिले, खाना एवं नाश्ता बच्चों को मेनू अनुसार प्राप्त हुआ। जिला कार्यालय, परियोजना कार्यालय एवं वन स्टॉप सेन्टर के भ्रमण के दौरान व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गई।

आंगनवाड़ी केन्द्र भ्रमण के उपरान्त श्रीमती सीमा शर्मा संयुक्त संचालक की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक कलेक्टर सभागृह में सम्पन्न हुई, जिसमें विभागीय योजनाओं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना, बाल आशीर्वाद योजना, एन.आर.सी., पोषण ट्रैकर (आभा आई.डी., अपार आई.डी.,) भवन निर्माण, सक्षम आंगनवाड़ी पोषण वाटिका, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, स्पॉन्सरशिप योजना आदि की समीक्षा की गई।

उन्होंने आभा एवं अपार आई.डी. जिन सेक्टरों में कम पायी गई, उन्हें एक सप्ताह के अंदर शतप्रतिशत करने के निर्देश दिये गये साथ ही एफआरएस के माध्यम से टी.एच.आर. का वितरण किया जाता है, इसलिए एफआरएसएक सप्ताह के अंदर शतप्रतिशत करने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे कोई भी हितग्राही टी.एच.आर. के लाभ से वंचित न रहे। शिशु गृह में निवास कर रहे 05 वर्ष से अधिक के बच्चे को अन्य बाल गृह में स्थानांतरण करने हेतु निर्देशित किया गया।

लक्ष्यपूर्ति पर की गई सराहना

पोषण पुनर्वास केन्द्र में बैड क्षमता के अनुरूप 125 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति पर संयुक्त संचालक द्वारा सराहना की गई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविन्द उपाध्याय सहित, समस्त परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, जिला समन्वयक, जिला परियोजना समन्वयक, विकासखण्ड समन्वयक एवं शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

बढ़ई-विश्वकर्मा समाज को राजनीतिक भागीदारी दिलाने राष्ट्रीय स्तर पर होगा आंदोलन : विश्राम शर्मा

नवभारत न्यूज

दतिया, 28 मई। अखिल भारतीय बढ़ई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्राम शर्मा अपने दतिया प्रवास के दौरान बढ़ई महासभा एवं विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारियों से मिले और समाज के संगठनात्मक सशक्तिकरण, शिक्षा तथा राजनीतिक भागीदारी को लेकर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। उनके आगमन पर समाजजनों ने भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। दतिया पहुंचने पर विश्राम शर्मा ने सबसे पहले विश्वविख्यात मां पीतांबरा पीठ में दर्शन-पूजन कर मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने वनखण्डेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की।

धार्मिक स्थलों के दर्शन के पश्चात वे विश्वकर्मा समाज के जिला अध्यक्ष विनीत विश्वकर्मा के निवास पहुंचे, जहां उनका फूलमालाओं से स्वागत किया गया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि बढ़ई एवं विश्वकर्मा समाज प्राचीन काल से लेकर आधुनिक युग तक तकनीकी और इंजीनियरिंग कौशल से जुड़ा समाज रहा है, लेकिन इसके बावजूद समाज को राजनीति में अपेक्षित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया है।

इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में राष्ट्रीय संगठन मंत्री ओमप्रकाश विश्वकर्मा, राष्ट्रीय महासचिव मायादीन पांचाल, मंडल अध्यक्ष अशोक शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष विजय शर्मा, प्रदेश सचिव डॉ. पुनीत विश्वकर्मा सहित अनेक राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं दतिया जिले से जिलाध्यक्ष विनीत विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, राम रतन, हरिशंकर विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा, मोहन विश्वकर्मा, केपी परिहार, भागवत विश्वकर्मा, रामकुमार विश्वकर्मा, नरेंद्र विश्वकर्मा, रवि विश्वकर्मा, टीकम सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष अपने अगले निर्धारित कार्यक्रम के लिए लहार रवाना हो गए।

सिंध नदी में डूबे युवक का शव मिला

सेंवढ़ा, 28 मई। सनकुआं धाम स्थित सिंध नदी में मंगलवार दोपहर डूबे सनी उर्फ विशाल कुशवाह पुत्र रघुवीर कुशवाह निवासी ग्राम असरा ऊटा जिला इटावा (उप्र) का शव सुबह बरामद हुआ। जहां सनि डूबा था शव भी उसी स्थान के पास गहराई में पाया गया। कुंड में कांटा डालने के बाद सैनिकों को यह सफलता मिली।आपदा चैकी प्रभारी रामप्रकाश यादव के अनुसार युवक नीचे गिरकर उसी स्थान पर फंस गया था जहां वह डूबा था। चारों तरफ तलाश करने के बाद जब घटनास्थल पर कांटा डाला गया तो नेकर फंसने से शव का पता चला।

कांग्रेस की बैठक में मजबूत संगठन बनाने पर जोर

दतिया, 28 मई। मंहगाई दिनों दिन बढ रही है, रोजगार के अवसरों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है ! परिणामता लाखों शिक्षित युबा वेरोजगार घूम रहे है ! उक्त बात भाण्डेर विधायक फूल सिंह बरैया ने इन्दरगढ स्थित स्व डॉं एनडी धाकर निवास पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कही, आयोजित वार्ता में रामलखन दण्डौतिया जिला कॉंग्रेस प्रभारी, सेंवढा पूर्व विधायक घनश्याम सिंह, डवरा विधायक सुरेश राजे, अशोक दाँगी वगदा जिला अध्यक्ष, मोहित धाकड, सुरेंद्र सिंह उर्फ मीनू धाकड, शैलेन्द्र सिंह उर्फ बिट्टू धाकड आदि कॉंग्रेस पदाधिकारी शामिल रहे !

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा चुनावों में किये वादे भुलाकर आम लोगों को गुमराह कर रही है, मंहगाई से लोग परेशान है, दैनिक उपयोगी मूल भूत सुबिधाओं पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है ! आगामी समय में होने वाले चुनावों से पूर्व बूथ स्तर तक कॉंग्रेस मजबूत स्तर पर है, कॉंग्रेस पदाधिकारी गाँव गाँव जाकर सरकार की नाकामियाँ उजागर कर कॉंग्रेस को मजबूत कर रहे है ! संगठन में युबाओं को मौका दिया जायगा ! कॉंग्रेस युवाओं के अधिकारों ओर उनके भबिष्य को लेकर संघर्ष करती रही, आगे भी करती रहेगी ! इससे पूर्व युवा नेता शैलेन्द्र सिंह उर्फ बिट्टू धाकड, सुरेंद्र सिंह उर्फ मीनू धाकड द्वारा आयोजित सहभोज में शामिल अतिथियों सहित पत्रकार साथियों का शाँल श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया।

केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजना हर वर्ग के लिए : परिहार

दतिया। केंद्र एवं प्रदेश की योजना हर वर्ग के लिए बनाई गई है इसलिए हम सभी कार्यकर्ताओं को इन योजनाओं को विस्तार पूर्वक सभी को बताना है और अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभ पहुंचाना है। उक्त बात भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चे के जिला अध्यक्ष गोविंद परिहार ने भांडेर विधानसभा के ग्राम देवरा सालोंन, भलका, उड़ीना के ग्रामों में जनसंपर्क कर भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार ओर प्रदेश सरकार की योजनाओं को विस्तृत पूर्वक बताया इस अवसर पर महामंत्री जयराम भिटौरा, पूर्व मंडल महामंत्री सालोंन मुरारी लाल शाक्य, सरपंच शत्रुघ्न जाट, मुकेश कुशवाहा, दिनेश शर्मा, आदित्य अहिरवार, दिनेश वंशकार आदि।

नगर परिषद ने पात्र हितग्राहियों को वितरित किए भूमि अधिकार पत्र

नवभारत न्यूज

सेवढ़ा, 28 मई। नगर परिषद सेंवढ़ा द्वारा बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भूमिहीन व्यक्तियों को आवासीय अधिकार दिलाने की प्रक्रिया के तहत 11 पात्र हितग्राहियों को पट्टों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष आशा गोविंद नागिल, सीएमओ महिपाल सिंह यादव सहित परिषद के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। पट्टा वितरण के दौरान उन परिवारों के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी, जो वर्षों से शासकीय भूमि पर निवास कर रहे थे, लेकिन उनके पास अपनी जमीन का कोई वैधानिक अधिकार नहीं था। अब पट्टा मिलने के बाद इन परिवारों को न केवल कानूनी अधिकार प्राप्त हुआ है, बल्कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान का सपना भी पूरा होने का रास्ता साफ हो गया है।